स्थापना 1959

पंजीयन क्रमांक 59

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)

Chhattisgarh Chamber of Commerce & Industries, Raipur (C.G.)

CCCI

क्रमांक : सी.सी.सी.आई./380/2022-23

दिनांक : 16/11/2022

स्मरण पत्र

प्रति,

माननीय श्री सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे जी,
जिलाधीश,
रायपुर जिला,
रायपुर (छ.ग.)

विषय :– माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा छत्तीसगढ़ चेम्बर के रियायती दर पर जमीन दिलवाने की घोषणा के संबंध मे।

संदर्भ :– 1. चेम्बर का पत्र क सीसीसीआई / 208 / 2021–22 दि.04.08.2021.
2. राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा दिनांक 04 सितम्बर 2021को जारी पत्र क्र. -2795 /2021 सात – 1।
3. चेम्बर का पत्र क सीसीसीआई / 355A / 2021–22 दि.23.09.2021.

आदरणीय महोदय,

उपरोक्त विषयांकित संदर्भित पत्र के संबंध में निवेदन है कि दिनांक 06 अगस्त 2021 को चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी से मुलाकात की थी एवं मुख्यमंत्री जी से छत्तीसगढ़ चेम्बर भवन हेतु रियायती दर पर जमीन के लिए निवेदन किया गया था मुख्यमंत्री महोदय जी ने सहानुभूतिपूर्वक विचार कर इस विषय पर स्वीकृति प्रदान की थी।

मुख्यमंत्री जी ने बहुत उदारतापूर्वक त्वरित निर्णय लेते हुए चेम्बर भवन के लिये भूमि की कीमत की 10 प्रतिशत दर पर देने की घोषणा की। इस संबंध में विशेष सचिव श्री जनक प्रसाद पाठक राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा दिनांक 04 सितम्बर 2021 तत्कालीन जिलाधीश श्री सौरभ कुमार जी रायपुर को आदेश जारी करते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। किन्तु अभी तक चेम्बर भवन हेतु जमीन का चिन्हानकन नहीं किया गया है

चौधरी देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, द्वितीय मंजिल, बाम्बे मार्केट, रायपुर (छ.ग.) 492 001
Ch. Devilal Vyapar Udyog Bhawan, 2nd Floor, Bombay Market, RAIPUR (C.G.) 492 001
Tel. : 0771 - 2539275, 4034572 | Mo : 93403 89971 | Email : info.cgchamber@gmail.com | Website : www.cgchamber.org

महोदय से साग्रह अनुरोध है कि इस संबंध में सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए प्रदेश कार्यालय हेतु चेम्बर भवन के लिये राजधानी में रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराने कृपा करेंगे ।

उपरोक्त पत्र एवं आदेश की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न है ।

सहयोग की अपेक्षा के साथ,
सधन्यवाद,

संलग्न :उपरोक्तानुसार

भवदीय

अमर पारवानी
प्रदेश अध्यक्ष
मो. 98264—28042

छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

कमांक 2795/2021/सात–1 नवा रायपुर, अटल नगर 7-9 SEP 2021 अगस्त, 2021

प्रति,

कलेक्टर,
जिला रायपुर छत्तीसगढ़।

विषयः- छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज रायपुर के प्रदेश कार्यालय के लिए रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराने बावत ।

-----000-----

विषयान्तर्गत श्री अमर पारवानी प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज रायपुर ने माननीय मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित/प्रस्तुत पत्र कमांक सी.सी.सी. आई/2018/2021–22 दिनांक 4/8/2021 की छायाप्रति संलग्न है।

2/ निर्देशानुसार लेख है कि आवेदक छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज रायपुर के प्रदेश कार्यालय हेतु नगर रायपुर में उपलब्ध शासकीय भूमि के आबंटन बावत तत्काल समस्त औपचारिकताओं की जांच एवं पूर्ति की जाकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से संबंधित एवं इस विभाग को अवगत कराने का कष्ट करें ।

(जनक प्रसाद पाठक)
विशेष सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
O/C राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

पृ0कमांक 2796/2021/सात–1 नवा रायपुर, अटल नगर, 7-9 SEP 2021 अगस्त, 2021

प्रतिलिपिः–

श्री अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज ,रायपुर चौधरी देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, द्वितीय मंजिल, बाम्बे मार्केट, रायपुर छत्तीसगढ़ की ओर उनके पत्र दिनांक 4/8/2021 के संदर्भ में सूचनार्थ अग्रेषित।

विशेष सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
O/C राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग